**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**व्यय विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 3131**

*सोमवार, 15 मार्च, 2021/ 24 फाल्गुन, 1942 (शक)*

**कार्य-निष्पादन अनुदान जारी करना**

**3131. श्री कृपाल बालाजी तुमाने:**
**श्रीमती भावना पुण्डलीकराव गवली:**

**क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या महाराष्ट्र राज्य सरकार केन्द्र सरकार से चौदहवें वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए कार्य-निष्पादन अनुदान (शहरी स्थानीय निकाय) जारी करने का अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव की क्या स्थिति है एवं सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई; और

(ग) उक्त अनुदान कब तक जारी किए जाने की संभावना है एवं इसमें विलंब के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वित्त और कारपोरेट कार्य राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क): जी, हां।

(ख) और (ग): प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा कार्यनिष्पादन क्रमिक विकास मापदण्ड में संशोधन एवं पुन: संशोधन करने, राज्य सरकारों द्वारा विलंब से उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने, संबंधित मंत्रालय से विलंब से सिफारिश प्राप्त होने तथा बजट संबंधी बाध्यताओं के कारण महाराष्ट्र सहित किसी भी राज्य को वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के लिए कार्य-निष्पादन अनुदान जारी नहीं किया जा सका था। चूंकि 14वें वित्त आयोग की अवधि समाप्त हो गई है, अत: अब शहरी स्थानीय निकाय अनुदान 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार जारी किए जा रहे हैं।

*******